मिसिल सं. 54011/08/2015–स्थापना(रा.मू.नि.प्रा.)
भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग
राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण
******

तीसरी/पांचवी मंजिल,
वाई0एम0सी0ए0 सांस्कृतिक केन्द्र भवन,
1, जय सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110001

दिनांक: **12.10.2017**

विषयः परामर्शदाता (हिंदी) की अनुबंध के आधार पर नियुक्ति।
******

राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण में परामर्शदाता (हिंदी) के पद पर चयन के लिए उपयुक्त अर्हयता तथा अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इस पद पर रु0 30,000/– प्रति माह समेकित वेतन दिया जाएगा। अर्हयता, अनुभव, आयु, ड्यूटी का विवरण तथा शर्तें एवं आवेदन का प्रारूप राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की वेबसाइट www.nppaindia.nic.in पर देखा जा सकता है। आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में अधोहस्ताक्षरी को भेज सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06.11.2017 है।

संजय छाबड़ा
(संजय छाबड़ा) 12/10/17
अवर सचिव (प्रशासन)
दूरभाष नं0: 011–23746643

<u>*प्रतिलिपिः–*</u>

(1). एनआईसी–प्रधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

(2). श्री वी.के. त्यागी, परामर्शदाता, औषध विभाग – इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त नोट को औषध विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए।

Scanned by CamScanner

मिसिल सं. 54011/08/2015–स्थापना(रा.मू.नि.प्रा.)
भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग
राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण
******

दिनांकः 12.10.2017

विषयः परामर्शदाता (हिंदी) की अनुबंध के आधार पर नियुक्ति।
******

राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण समुचित योग्यता एवं अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों से इस कार्यालय में परामर्शदाता (हिंदी) के पद पर आवेदन आमंत्रित करता है।

1. पद का नामः — परामर्शदाता (हिंदी)

2. शैक्षिक योग्यताः — बी.ए./एम.ए. हिंदी विषय के साथ।

3. अनुभवः — न्यूनतम 5 वर्षों का हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करने का अनुभव।

4. अनिवार्यः

    1. भारत सरकार और राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र/अर्द्ध सरकारी संगठन/सांविधिक निकाय/विश्वविद्यालय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपकमों/स्वायत्त निकाय/सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान की सेवा से सेवानिवृत्त हुए सहायक अनुभाग अधिकारी और इसके समान्तर या ऊपर के अधिकारी जिन्हें अंग्रजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद करने का समुचित ज्ञान प्राप्त हो।
    2. हिंदी टंकण का ज्ञान।
    3. कंप्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान।

5. कार्य की जिम्मेदारियांः
    - संसदीय प्रश्नों, आरटीआई आवेदनों, गजट अधिसूचनाओं, प्राधिकरण की बैठकों के कार्यवृत्त इत्यादि का हिंदी में अनुवाद एवं टंकण।
    - औषध विभाग को समय–समय पर विभिन्न रिपोर्टों के लिए भेजे जाने वाली सामग्री का हिंदी अनुवाद।
    - कोई भी अन्य कार्य जो कि समय–समय पर दिया जाए।

6. शर्तेंः

Scanned by CamScanner

(i) सेवा–निवृत्त सरकारी अधिकारी के संबंध में भुगतान की गई कुल परिलब्धियां अर्थात् पेंशन+प्रस्तावित परिलब्धियां आहरित अंतिम वेतन से अधिक नहीं होनी चाहिए जो प्रति माह 30,000/– रु0 की कुल अधिकतम सीमा के अधीन होंगी।

(ii) प्रारम्भ में अभ्यर्थी की नियुक्ति की अवधि एक वर्ष के लिए होगी जिसे अभ्यर्थी के कार्य–निष्पादन को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से तीन वर्षों की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है।

(iii) अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष तक होगी। किसी भी व्यक्ति को 65 वर्ष की आयु से अधिक तक सेवारत नहीं रखा जायेगा अथवा उसकी सेवा नहीं ली जाएगी।

(iv) प्राप्त हुए आवेदनों को प्राधिकरण की परामर्शदाता चयन समिति को सौंपा जाएगा। जो कि राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शॉर्ट लिस्ट उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाएगी।

(v) अभ्यर्थी राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के कार्यालय में निर्धारित कार्य समय के अनुसार उपस्थित रहेंगे। आवश्यकतानुसार जल्दी आना या देर से जाना पड़ सकता है, जिसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा।

(vi) राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण में नियुक्त रहने की अवधि के दौरान अभ्यर्थी कोई भी निजी व्यवसाय अथवा अंशकालिक सेवा स्वीकार नहीं करेगा।

(vii) अभ्यर्थी की सेवा दोनों पक्षों की और से एक माह का नोटिस देकर समाप्त की जा सकती है। फिर भी राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण को यह अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए और एक माह का नोटिस दिए बिना अभ्यर्थी की सेवा समाप्त कर दे।

(viii) अभ्यर्थी उसको सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरा करेगा। सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि उसे अपने पद की डयूटी के अलावा कोई भी अतिरिक्त कार्य सौंपा जा सकता है। जिसके लिए उसे कोई अतिरिक्त वेतन या भत्ता नहीं दिया जाएगा।

(ix) कार्य का स्थान, फर्नीचर, स्टेशनरी, कंप्यूटर इत्यादि की मूल सुविधाएं अभ्यर्थी को कार्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी ताकि वह अपनी ड्यूटी का निष्पादन कर सके।

(x) चुने गए अभ्यर्थी को इस कार्यालय द्वारा बताई गई समयावधि में कार्य ग्रहण के लिए रिपोर्ट करना पड़ेगा।

(xi) अभ्यर्थी किसी अन्य लाभ जैसे भविष्य निधि, पेंशन, जीवन बीमा, ग्रेच्युटी, चिकित्सा भत्ता, वरीयता, पदोन्नति इत्यादि के लिए पात्र नहीं होगा।

(xii) *'कार्य नहीं–वेतन नहीं'* का सिद्धांत अनुबंध की अवधि में लागू होगा तथा उसके मासिक वेतन से *Pro-Rata (प्रो–राटा)* आधार पर कटौती की जाएगी।

Scanned by CamScanner

(xiii) कार्यालय के अंदर या बाहर अभ्यर्थी को होने वाली किसी क्षति अथवा दुर्घटना के लिए प्राधिकरण उत्तरदायी नहीं होगा।

(xiv) अभ्यर्थी को भारत सरकार में नियमित आधार पर नियुक्त करने के लिए कोई दावा या अधिकार नहीं होगा।

(xv) पद ग्रहण करने के लिए अभ्यर्थी को कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

(xvi) अभ्यर्थी द्वारा कोई भी घोषणा या दिया गया कोई भी विवरण यदि गलत पाया जाएगा, अथवा वह जानबुझकर कोई जानकारी छुपाएगा तो उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी और राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण इस संबंध में कोई भी दंडात्मक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा।

(xvii) उपरोक्त पद पर नियुक्त होने के लिए अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से सक्षम होना चाहिए तथा उसे इस संबंध में चिकित्सीय प्रमाण पत्र कार्यग्रहण के समय देना होगा।

(xviii) परामर्शदाता को राजपत्रित अवकाश के अलावा एक वर्ष की अवधि के दौरान 8 दिनों की छुट्टी लेने की पत्रता होगी। तथापि, एक वर्ष से अधिक की सेवा विस्तार की स्थिति में न ली गई छुट्टी को अग्रेषित नहीं किया जाएगा।

(xix) अपूर्ण आवेदन अथवा योग्यता के प्रमाण पत्र के बिना प्राप्त हुए आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे।

(xx) उपरोक्त पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्ररूप में प्रमाण पत्रों के साथ अपने आवेदन अधोहस्ताक्षरी को भेज दें। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06.11.2017 है।

संजय छाबड़ा
(संजय छाबड़ा) 12/10/17
अवर सचिव (प्रशासन)
राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण,
पांचवी मंजिल,
वाई0एम0सी0ए0 सांस्कृतिक केन्द्रभवन,
1, जय सिंह मार्ग,
नई दिल्ली–110001
दूरभाष नं0: 011–23746643

Scanned by CamScanner

# परामर्शदाता (हिंदी) के पद हेतु आवेदन–पत्र

1. नामः

2. जन्म तिथिः

3. पिता का नामः

4. निवासः

5. राष्ट्रीयताः

6. पत्र–व्यवहार का पताः

7. फोन न0(मोबाइल):................................ निवासः.....................................

फोटो

8. शैक्षणिक योग्यताएंः

| कम सं0 | पाठ्यकम | विषय | विश्वविद्यालय | प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

9. कार्यानुभवः

10. हिंदी टंकण की गति शब्द प्रति मिनटः

11. संदर्भः

(i)

(ii)

(आवेदक के हस्ताक्षर)

दिनांकः

स्थानः

नोटः सभी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां संलग्न करें। यदि आवश्यकता हो तो अलग से पेपर शीट लगाएं।

Scanned by CamScanner